# NATIONAL SERVICE SCHEME SESSION 2022-23
# GOVT. UTKRISHT MAHAVIDYALAYA BANAJAR (H.P.)

## (A.) REPORTS OF REGULAR ACTIVITIES/CAMPS:

### 1. NSS Units 1st Meeting and Formation of Volunteers New Committee: 01st August, 2022

Page No. 1 YOUVA

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बन्जार की प्रथम सामान्य बैठक:

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बन्जार की अकादमिक सत्र 2022-23 की प्रथम सामान्य बैठक का आयोजन दिनाँक 01 अगस्त, 2022 को महाविद्यालय के कमरा संख्या- 101 में किया गया जिसकी अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार द्वारा की गई। इस बैठक में लगभग 80 स्वंयसेवियों ने भाग लिया। बैठक में विस्तृत चर्चा के उपरान्त सर्वसम्मति से सत्र 2022-23 के लिये नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसका विवरण इस प्रकार से है:

| | | |
|---|---|---|
| दिनेश मेहता | कला स्नातक तृतीय वर्ष | छात्र प्रमुख |
| उषा ठाकुर | कला स्नातक तृतीय वर्ष | छात्रा प्रमुख |
| कमला देवी | कला स्नातक तृतीय वर्ष | सचिव |
| नरेश कुमार | कला स्नातक तृतीय वर्ष | प्रेस सचिव |
| नैनिता राही | विज्ञान स्नातक तृतीय वर्ष | प्रबन्धन प्रमुख |
| सत प्रकाश | वाणिज्य स्नातक तृतीय वर्ष | छात्र उप प्रमुख |
| नैंसी | कला स्नातक तृतीय वर्ष | छात्रा उप प्रमुख |
| रुपेन्द्र ठाकुर | कला स्नातक द्वितीय वर्ष | संस्कृति सचिव |
| दुर्गेश्वरी | कला स्नातक द्वितीय वर्ष | कोषाध्यक्षा |

सर्वसम्मति से उपरोक्त कार्यकारिणी का अनुमोदन इस शर्त पर किया गया कि यदि इनमें से कोई अनुशासन हीनता या अपना दायित्व राष्ट्रीय सेवा योजना की मूल भावना के अनुसार नहीं निभाता तो वह उपरोक्त दायित्वों से मुक्त कर दिया जायेगा बिना किसी सूचना जारी किये। अन्त में धन्यवाद ज्ञापन द्वारा बैठक का समापन किया गया।


## 2. Lecture:- "Vishva Guru Bharat" under Har Ghar Tiranga Campaign: 08th August, 2022

Page No. 2
Date:
YOUVA

हर घर तिरंगा अभियान के तहत "बिश्व गुरु भारत" बिषय पर बिशेष व्याख्यान कार्यक्रम :

राष्ट्रीय सेवा योजना महाबिद्यालय इकाई द्वारा आज़ादी का अमृत महोत्सव श्रृंखला के अन्तर्गत हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत में दिनाँक 08 अगस्त, 2022 को महाबिद्यालय के सम्मेलन कक्ष में "बिश्व गुरु भारत" बिषय पर एक बिशेष व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाबिद्यालय प्राचार्या प्रो. नीरज कपूर मुख्य अतिथि रहीं जबकि मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति शास्त्र के सहायक आचार्य डॉ. दुनी चन्द ने इस बिषय के बिभिन्न पक्षों पर बिस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुये भारतवर्ष के गौरवमयी अतीत की चर्चा की। उन्होंने वर्तमान संदर्भ में पुनः भारत की भूमिका को वैश्विक परिदृश्य में महत्त्वपूर्ण बतलाया और भारत को पुनः बिश्वगुरु के स्वर्णिम स्थान तक ले जाने के लिये युवाओं का आह्वान् किया। मुख्य अतिथि प्रो. नीरज कपूर द्वारा भी भारत वर्ष की बिश्व के प्रति शांति, सद्भाव और मैत्री की नीति के सम्बन्ध में बिस्तृत विचार रखे गये। उन्होंने बिद्यार्थियों को राष्ट्र भक्ति तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव रखने की बात भी बतलायी। अन्त में सामूहिक राष्ट्रगान द्वारा कार्यक्रम सम्पन्न हो गया।

## 3. Plantation Drive under Aazadi ka Amrit Mahotsav: 10th August, 2022




Page No.: 4 Date: YOUVA

आज़ादी का अमृत महोत्सव श्रृंखला के अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान :

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला @75 के तहत दिनांक 10 अगस्त, 2022 को महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया गया जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर तथा महाविद्यालय की ओर आने वाले मार्ग में दुर्लभ वनस्पतीय प्रजाति टैक्सस बकाटा (स्थानीय नाम - रखाल) के 300 से अधिक पौधे रोपे गये। इस अभियान में महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. नीरज कपूर तथा समस्त शिक्षकों ने भी भाग लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं-सेवियों के साथ-साथ महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने भी इस पौधारोपण अभियान में भाग लिया। इस मौके पर सभी स्वयं-सेवियों ने रोपे गये पौधों को सुरक्षित रखने के लिये समय-समय पर इनकी देख-रेख के लिये सभी विद्यार्थियों को भी जागरूक किया। अन्त में इकाई के समस्त औज़ारों को साफ कर स्टोर कक्ष में जमा कर दिया गया और पौधारोपण अभियान सम्पन्न हो गया।

## 4. Tiranga Yatra under Har Ghar Tiranga Campaign: 12th August, 2022



Page No.: 6 YOUVA
Date:

हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत तिरंगा रैली व विशेष कार्यक्रम आयोजन:

राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय इकाई द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला में हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत दिनाँक 12 अगस्त, 2022 को तिरंगा यात्रा के तहत एक रैली का आयोजन किया गया। यह तिरंगा रैली महाविद्यालय से शुरु होकर बंजार कस्बे से होकर वापिस महाविद्यालय परिसर में आकर समाप्त हुई। इसमें सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार यथा शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मी तथा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं-सेवियों ने पुराना बस अड्डा बन्जार में देशभक्ति पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया। महाविद्यालय परिसर पहुँचने के बाद सम्मेलन कक्ष में "भारत की सांस्कृतिक धरोहर" विषय पर भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें वनस्पति विज्ञान के सह-आचार्य डॉ. जोगिंद्र सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि रहे। इस मौके पर भारतीय संस्कृति के विभिन्न पक्षों को उजागर करती एक लघु फिल्म व वृत्तचित्र भी प्रदर्शित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी से अपनी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित रखने का आह्वान किया गया। अन्त में सामूहिक राष्ट्रगान द्वारा कार्यक्रम विधिवत् सम्पन्न हो गया।


## 5. Prabhat Pheri & Lecture on Independence-2.0:
## 13th August, 2022

Page No.: 8 YOUVA
Date:

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रभात फेरी व विशेष कार्यक्रम आयोजन :

आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत दिनाँक 13 अगस्त, 2022 को प्रातः 6:00 बजे महाविद्यालय परिसर से मेला मैदान बन्जार तक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। मेला मैदान में देवताजी श्रृंगा ऋषि की थड़ी में पूजा- अर्चना के पश्चात प्रभात फेरी सम्पन्न हो गई। इसके पश्चात महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित विशेष कार्यक्रम में "आज़ादी के गुमनाम नायक" विषय पर विभिन्न प्रस्तुतियाँ स्वयं-सेवियों के द्वारा दी गई। इसमें जीवविज्ञान विषय के सह-आचार्य डॉ. रमेश यादव ने सभा की अध्यक्षता की। इसके बाद अंग्रेज़ी विभाग के सहायक आचार्य प्रो. ईशान सार्वल द्वारा "आज़ादी-2.0" विषय पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने विस्तारपूर्वक आज़ादी की इस संकल्पना को प्रदर्शित किया। इस पूरे कार्यक्रम में भूगोल विषय की सह-आचार्या डॉ. रेणुका थपलियाल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित रहीं। उन्होंने स्वयं-सेवियों के प्रयासों को सराहा और भविष्य में शिक्षा व अन्य गतिविधियों में इसी प्रकार भाग लेने के लिये स्वयं-सेवियों का मनोबल बढ़ाया। इसके अलावा उन्होंने स्वयं-सेवियों को राष्ट्र की सेवा को अपना जीवन ध्येय बनाने का आह्वान् किया।

## 6. Independence Day Celebrations:
## 13th August, 2022



Page No.: 10

YOUVA

Date:

स्वतन्त्रता दिवस समारोह का आयोजन :

आज़ादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला का समापन स्वतन्त्रता दिवस समारोह 15 अगस्त, 2022 के आयोजन के साथ हो गया। सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार ने महाविद्यालय परिसर में आयोजित स्वतन्त्रता दिवस समारोह में शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में प्राचार्य प्रो. नीरज कपूर द्वारा राष्ट्र ध्वज फहराया गया और सामूहिक राष्ट्र गान गाया गया। इसके पश्चात सम्मेलन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये प्रो. नीरज कपूर द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत आयोजित गतिविधियों की समीक्षा भी की गई। सभी विद्यार्थियों को मिठाई तथा जलपान वितरित की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वंय-सेवियों ने इस अवसर पर एकल व सामुहिक राष्ट्र भक्ति के गीत प्रस्तुत किये गये। इस बार के स्वतन्त्रता दिवस समारोह में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के करीब 18 स्वंय- सेवियों ने उपमण्डल स्तरीय स्वतन्त्रता दिवस समारोह में मेला मैदान बंजार में आयोजित परेड़ में भाग लेकर महाविद्यालय इकाई का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रकार आज़ादी का अमृत महोत्सव श्रृंखला @75 के तहत हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का स्वतन्त्रता दिवस समारोह के साथ विधिवत समापन हो गया।

## 7. Completion of Enrolment Process for New Volunteers: 01st September, 2022

Page No. 12 YOUVA
Date:

### स्वयं-सेवियों के पंजीकरण सम्बन्धी प्रक्रिया :

राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय इकाई में स्वयं-सेवियों के लिये सत्र 2022-23 के लिये सदस्यता अभियान के तहत एक निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर उसे दिनांक 01 सितम्बर, 2022 तक पूर्ण कर लिया गया, जिसके तहत इकाई में स्वीकृत 100 सदस्यों के मुकाबले 132 (40 छात्र व 92 छात्रा) सदस्यों का पंजीकरण किया गया। इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थी शामिल हैं। कुल चयनित 132 स्वयं-सेवियों में से 100 सामान्य वर्ग, 23 अनुसूचित जाति व 09 अन्य पिछड़ा वर्ग से सम्बंधित छात्र-छात्रायें हैं। इन सभी के पंजीकरण को प्राचार्य द्वारा अनुमोदित कर सम्पूर्ण विवरण की प्रतियाँ राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य अधिकारी तथा विश्वविद्यालय समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना को प्रेषित कर दी गईं।

**TOTAL ENROLMENT (GENDER WISE):**

| Sr. No. | Gender | No. of Volunteers |
|---|---|---|
| 1. | Male (Boys) | 40 |
| 2. | Female (Girls) | 92 |
| 3. | Total | 132 |

**TOTAL ENROLMENT (CATEGORY WISE):**

| Sr. No. | Category | No. of Volunteers |
|---|---|---|
| 1. | General | 100 |
| 2. | SC | 23 |
| 3. | ST | 00 |
| 4. | OBC | 09 |
| 5. | Total | 132 |

## 8. Formation of NSS Advisory Committee:
## 06th September, 2022

Page No.: 14 YOUVA
Date:

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सलाहकार समिति का गठन :

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की वर्ष भर की गतिविधियों के प्रारूप पर चर्चा व स्वीकृति प्रदान करने के लिये सत्र 2022-23 की सलाहकार समिति के गठन बारे दिनांक 06 सितम्बर, 2022 को महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के शिक्षक वर्ग के साथ स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी आमंत्रित किया गया। प्राचार्या प्रो. नीरज कपूर ने इस बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में विस्तृत विचार-विमर्श उपरान्त सर्वसम्मति से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के लिये सलाहकार समिति का गठन किया गया जिसका विवरण इस प्रकार से है-


| | | |
|---|---|---|
| प्रो. नीरज कपूर | प्राचार्या | अध्यक्षा |
| डॉ. जोगिन्द्र सिंह ठाकुर | सह-आचार्य | सदस्य |
| प्रो. विकास कुमार | सहायक आचार्य | सदस्य |
| प्रो. नरेश कुमार | सहायक आचार्य | सदस्य |
| श्रीमती चन्द्रा देवी | प्रधान | सदस्या |
| श्री भूपाल सिंह | सामाजिक कार्यकर्ता | सदस्य |
| श्री दिनेश मेहता | छात्र प्रमुख | सदस्य |
| सुश्री ऊषा ठाकुर | छात्रा प्रमुख | सदस्य |
| डॉ. श्रवण कुमार | कार्यक्रम अधिकारी | सदस्य सचिव |

अन्त में प्राचार्या महोदया के प्रति धन्यवाद ज्ञापन अर्पित कर बैठक सम्पन्न हो गई।

### NSS Advisory Committee for the Session of 2022-23

| Sr. No. | Name | Department | Designation | Position |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Prof. Neeraj Kapoor | English | Principal/ Patron | Chairperson |
| 2. | Dr. Joginder Singh Thakur | Botany | Associate Professor | Member |
| 3. | Prof. Vikas Kumar | Music(I) | Assistant Professor | Member |
| 4. | Prof. Naresh Kumar | Sanskrit | Assistant Professor | Member |
| 5. | Ms. Chandra Devi | Gram Panchayat Balagad | Pradhan | Member |
| 6. | Mr. Bhupal Singh | GSSS Chanon | (Supdt.-II & Human Rights Activist) | Member |
| 7. | Ms. Usha Thakur | BA-III | Unit Leader (Girls) | Member |
| 8. | Mr. Dinesh Mehta | BA-III | Unit Leader (Boys) | Member |
| 9. | Dr. Sarwan Kumar | Economics | Programme Officer | Member Secretary |


## 9. NSS Unit Participates in NDRF Mock Drill: 09th September, 2022




राष्ट्रीय आपदा मोचन बल द्वारा महाविद्यालय में आपदा बचाव पूर्वाभ्यास :

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) द्वारा महाविद्यालय के बहुउद्देश्य सभागार में आपदा बचाव पूर्वाभ्यास करवाया गया जिसमें महाविद्यालय परिवार सहित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल द्वारा दिनाँक 09 सितम्बर, 2022 को जिस आपदा बचाव पूर्वाभ्यास का आयोजन किया गया उसमें दल का नेतृत्व राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के निरीक्षक श्री शशि कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल तथा इसके कार्यों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात् विभिन्न व्यावहारिक उदाहरणों से प्राकृतिक आपदाओं जैसे- भूकम्प, बाढ़, सुनामी, आगज़नी इत्यादि में मानवीय क्षति रोकने तथा बचाव के तरीके प्रदर्शित किये गये तथा स्वयं-सेवियों से भी अभ्यास करवाया गया। अन्त में प्राचार्य प्रो. नीरज कपूर द्वारा समस्त आपदा मोचन बल सदस्यों का महाविद्यालय की ओर से आभार प्रकट किया गया। इसके पश्चात् सामूहिक राष्ट्र गान गायन द्वारा कार्यक्रम विधिवत रूप से सम्पन्न हो गया।

# 10. One Day Campus Cleanliness Drive : 14th September, 2022




Page No. 18 YOUVA
Date:

महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय स्वच्छता अभियान :

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बन्जार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनाँक 14 सितम्बर, 2022 को एक दिवसीय परिसर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इसमें सभी स्वंय-सेवियों ने महाविद्यालय की कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय तथा अकादमिक व प्रशासनिक खण्ड में झाड़ु लगाकर साफ-सफाई की गई। इसके अलावा महाविद्यालय प्रांगण तथा पिछली ओर की नालियों को भी साफ किया गया। इन सब के अतिरिक्त महाविद्यालय प्रवेश द्वार से लेकर परिसर तक के मार्ग में बने गड्ढों को भी मिट्टी डालकर भरा गया। सभी स्वंय-सेवियों ने अपने-अपने स्तर पर इस एक दिवसीय परिसर स्वच्छता अभियान में योगदान देकर सम्पूर्ण महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की और उसके बाद सांस्कृतिक मंच पर एकत्र होकर सामूहिक रूप से जलपान ग्रहण किया। इसके बाद सभी औजारों को साफ करके गणना क्रमानुसार उन्हें स्टोर में रखा गया। अन्त में सभी ने मिलकर राष्ट्रीय सेवा योजना गीत गाया और इसी के साथ यह एक दिवसीय परिसर स्वच्छता अभियान सम्पन्न हो गया।

# 11. One Day Campus Cleanliness Drive : 15th September, 2022



Page No. 20

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के लिये औज़ारों का दान :

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की गतिविधियों को प्रोत्साहन देने तथा स्वयं-सेवियों को ओर अधिक प्रतिबद्धता से परिपूर्ण करने के लिये महाविद्यालय की अंग्रेज़ी विभाग की सहायक आचार्या प्रो. लीना वैद्य जी द्वारा इकाई के लिये विभिन्न औज़ार दान स्वरूप दिनांक 15 सितम्बर, 2022 को प्रदान किये गये। इनका विवरण इस प्रकार से है–

| औज़ारों का नाम | संख्या |
|---|---|
| दस्ताने | 20 |
| कटिंग कैंची | 01 |
| गैंती | 02 |
| बेलचा | 02 |
| कुदाली | 02 |
| किलनी | 02 |
| दराट | 02 |
| दराटी | 02 |
| कुल्हाड़ी | 02 |
| फरूँआ | 02 |

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई इस अमूल्य सहयोग के लिये प्रो. लीना वैद्य जी का हार्दिक आभार ज्ञापित करती है।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बन्जार, जिला कुल्लू के लिये दान में प्राप्त औज़ारों का विवरणः–

| क्रम संख्या | औज़ारों का विवरण | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | दस्ताने | 20 |
| 2 | कटिंग कैंची | 1 |
| 3 | बेलचा | 2 |
| 4 | फरूंआ | 2 |
| 5 | दराट | 2 |
| 6 | कुदाली | 2 |
| 7 | गैंती | 2 |
| 8 | दराटी | 2 |
| 9 | किलनी | 2 |
| 10 | कुल्हाड़ी | 2 |

दानकर्ता



प्रो. लीना वैद्य जी
सहायक आचार्या
अंग्रेजी विभाग

## 12. Ozone Day Celebration : 16th September, 2022

Page No.: 22 Date: YOUVA

### ओज़ोन दिवस समारोह :

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय ओज़ोन दिवस के अवसर पर दिनांक 16 सितम्बर, 2022 को महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भूगोल विभाग की सह-आचार्या डॉ. रेणुका थपलियाल मुख्य अतिथि रहीं। इस अवसर पर स्वयं-सेवियों द्वारा ओज़ोन परत के महत्व तथा इसके क्षरण को रोकने के लिये ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने बारे चित्रकला, नारा लेखन तथा भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से अपने विचार प्रकट किये गये। इसके बाद सामूहिक चर्चा द्वारा ओज़ोन दिवस से सम्बंधित विषयों पर विमर्श किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि द्वारा हमारे वायुमण्डल के विभिन्न घटकों सहित ओज़ोन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। उन्होंने कार्बन डाइआक्साइड, मोनो आक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड इत्यादि गैसों द्वारा ओज़ोन परत को हो रही क्षति से भी सभी को अवगत करवाया। उन्होंने सूर्य की पराबैंगनी किरणों से पृथ्वी को बचाने में ओज़ोन परत की भूमिका को भी स्पष्ट किया। अन्त में उन्होंने सभी स्वयं-सेवियों से अपने आस पास के वातावरण को स्वच्छ रखने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करने का आह्वान किया। इसके पश्चात् धन्यवाद ज्ञापन अर्पित कर सामूहिक राष्ट्रगान गायन द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया।

## 13. NSS Raising Day Celebration : 24th September, 2022

Page No. 24 YOUVA
Date:

### राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस समारोह :

सम्पूर्ण भारतवर्ष के समान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बन्जार द्वारा भी राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस समारोह का आयोजन महाविद्यालय के बहुउद्देश्य सभागार में किया गया जिसमें प्राचार्या प्रो. नीरज कपूर मुख्य अतिथि रहीं जबकि ग्राम पंचायत बलागाड़ की प्रधान श्रीमती चन्द्रा देवी व मानवाधिकार कार्यकर्ता श्री भूपाल सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में शामिल हुये। समारोह में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक व गैर-शिक्षक गण भी सम्मिलित हुये। समारोह में स्वयं-सेवियों द्वारा चित्रकला, पोस्टर, नारा-लेखन, भाषण इत्यादि विधाओं के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों तथा महत्व को उजागर किया। गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न लोक नृत्यों की प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। विशिष्ट अतिथि श्री भूपाल सिंह द्वारा सभी स्वयं-सेवियों को शुभकामनायें दी गईं। उन्होंने सभी से शिक्षित होकर राष्ट्र के लिये समर्पित नागरिक बनने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि प्रो. नीरज कपूर द्वारा सभी स्वयं-सेवियों की सराहना की गई और इस आयोजन से सीख लेकर भविष्य में राष्ट्र सेवा का संकल्प लेने का आह्वान किया गया। अन्त में सभी का धन्यवाद किया गया और सामूहिक राष्ट्रगान गायन उपरान्त समारोह सम्पन्न हो गया।


## 14. One Day Awareness Camp at Adopted Village - Bala: 26th September, 2022

Page No.: 26 YOUVA
Date:

**राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अंगीकृत गाँव- बला में एक दिवसीय जागरूकता शिविर :**

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनाँक 26 सितम्बर, 2022 को ग्राम पंचायत बलागाड़ के अन्तर्गत अंगीकृत गाँव-बला तक एक जागरूकता रैली निकाली गई। गाँव पहुँचकर माता त्रिपुरा सुंदरी तथा महर्षि मार्कण्डेय के मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात् पंचायत भवन में स्वच्छता जागरूकता तथा नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। स्वयं-सेवियों ने मतदाता जागरूकता तथा मतदान के महत्त्व पर एक नाटिका भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में पंचायत प्रधान श्रीमती चन्द्रा देवी व अन्य पंचायत सदस्यों सहित कुछ ग्रामवासी भी सम्मिलित हुये। इसके पश्चात् स्वयं-सेवियों द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर जागरूकता गतिविधियों पर आधारित खेलों में भाग लिया गया। अन्त में स्वयं-सेवियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया और सभी को सम्मिलित करते हुये सामूहिक नाटी की गई। इसके पश्चात् सभी महाविद्यालय परिसर लौट आये और यह एक दिवसीय ग्राम आधारित जागरूकता शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया।

## 15. District Level Pre-RD Selection Camp at Govt. College Panarsa: 28th September, 2022



Page No. 28 YOUVA

गणतन्त्र दिवस पूर्व-शिविर हेतु जिला स्तरीय चयन शिविर :

राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रिय निदेशालय चंडीगढ़ के तय नियमों के अनुसार प्रदेश राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय द्वारा गणतंत्र दिवस पूर्व-शिविर मे भाग लेने वाले स्वंय-सेवियों के लिये जिला स्तर पर चयन शिविरों की सूचनानुसार जिला-कुल्लू व लाहौल-स्पीति के स्वंय-सेवियों के लिये चयन शिविर राजकीय महाविद्यालय पनारसा, जिला-मण्डी में दिनाँक 28 सितम्बर, 2022 को आयोजित किया गया। इस शिविर के लिये चयन हेतु महाविद्यालय स्तर पर इकाई द्वारा दिनांक 27 सितम्बर, 2022 को महाविद्यालय परिसर में तीन सदस्यों की चयन समीति के समक्ष इच्छुक स्वंय-सेवियों की परेड, सांस्कृतिक अभिरुचि, व्यक्तिगत क्षमता व सामान्य जागरूकता पर आधारित परीक्षा ली गई। चयन समीति में अंग्रेज़ी विभाग से प्रो. लीना वैद्य तथा प्रो. ईशान मार्कंड तथा लोक प्रशासन विभाग से डॉ. योग राज शामिल रहे। चयन समीति की सर्वसम्मत संस्तुति के आधार पर छात्र वर्ग में धीरज ठाकुर, कला स्नातक द्वितीय वर्ष तथा छात्रा वर्ग में ओमरिता सेठी, विज्ञान स्नातक तृतीय वर्ष को जिला स्तरीय चयन शिविर के लिये चुना गया। दोनों ने अगले दिन राजकीय महाविद्यालय पनारसा में आयोजित जिला स्तरीय शिविर में भाग लिया और राज्य स्तरीय चयन शिविर के लिये चुने गये।

# 16. Aahar Pradarshni & Poshan Rally under Poshan Week: 29th September, 2022

Page No.: 30

राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत पोषण श्रृंखला के तहत आहार प्रदर्शनी व पोषण रैली का आयोजन :

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पहली सितम्बर से 31 सितम्बर, 2022 तक चल रहे राष्ट्र व्यापी पोषण माह के अन्तर्गत दिनाँक 29 सितम्बर, 2022 को महाविद्यालय के कला मंच पर पोषण श्रृंखला के तहत संतुलित आहार प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें दालों, सब्जियों, फलों इत्यादि को प्रदर्शित कर उनमें मौजूद पोषक तत्वों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। इस आहार प्रदर्शनी का शुभारम्भ प्राचार्या प्रो. नीरज कपूर तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी बन्जार श्रीमती चम्पा देवी द्वारा संयुक्त रूप से रिब्बन काटकर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार सहित लगभग 40 आँगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर प्रदर्शनी को निहारा। इसके पश्चात सभी स्वयं-सेवी आँगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं के साथ संयुक्त रूप से पोषण रैली में सम्मिलित हुये। यह रैली महाविद्यालय से आरम्भ होकर बन्जार कस्बे से गुज़रकर मेला मैदान में समारोह स्थल पर सम्पन्न हुयी। इस दौरान आम लोगों को पोषण के महत्व से अवगत करवाया गया। समारोह स्थल पर स्वयं-सेवियों ने पोषण पर आधारित लघु नाटिका तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिविल जज बन्जार श्री अनुज बहल रहे। उन्होंने अपने सम्बोधन में पोषण व आहार सम्बंधी कई महत्वपूर्ण बातें बतायी और महिला व बाल विकास विभाग के प्रयासों को सराहा। अन्त में धन्यवाद ज्ञापन तथा राष्ट्रगान गायन उपरान्त कार्यक्रम सम्पन्न हो गया।

## 17. Leadership & Personality Development National Programme: 04th to 07th October, 2022

Page No. 32 YOUVA
Date:


### नेतृत्व तथा व्यक्तित्व विकास पर राष्ट्रीय कार्यक्रम :

राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय इकाई के छः स्वयं-सेवियों का चयन नेतृत्व तथा व्यक्तित्व विकास विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिये हुआ। यह कार्यक्रम 04 से 07 अक्तूबर, 2022 तक राजीव गाँधी युवा विकास संस्थान, क्षेत्रिय केन्द्र चण्डीगढ़-12 में आयोजित किया गया। इसमें निम्नलिखित स्वयं-सेवियों ने भाग लिया -

| | |
|---|---|
| सुक्ता ठाकुर | विज्ञान स्नातक तृतीय वर्ष |
| संजय चौहान | विज्ञान स्नातक तृतीय वर्ष |
| ममता देवी | कला स्नातक तृतीय वर्ष |
| इन्दु ठाकुर | कला स्नातक तृतीय वर्ष |
| नैन्सी | कला स्नातक तृतीय वर्ष |
| रूपेन्द्र ठाकुर | कला स्नातक द्वितीय वर्ष |

इन सभी स्वयं-सेवियों ने संस्थान के प्रशिक्षकों सर्वश्री अभिनव ठाकुर, थोकचोम रेगेन चन्द्र सिंह तथा दीपक कुमार के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और कार्यक्रम सम्पन्न होने पर प्रमाण-पत्र प्राप्त किये।

## 18. Entrepreneurship Development National Programme: 10th to 13th October, 2022



Page No.: 34 YOUVA
Date:

उद्यमिता विकास पर राष्ट्रीय कार्यक्रम :

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के दस स्वयं-सेवियों ने राजीव गाँधी युवा विकास संस्थान, क्षेत्रिय केन्द्र चण्डीगढ़ द्वारा उद्यमिता विकास विषय पर 10 से 13 अक्तूबर, 2022 तक आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लिया। इन स्वयं-सेवियों का विवरण इस प्रकार से है—

| | |
|---|---|
| कमला देवी | कला स्नातक तृतीय वर्ष |
| प्रीति | कला स्नातक तृतीय वर्ष |
| खनु देवी | कला स्नातक तृतीय वर्ष |
| रिया सोनी | कला स्नातक तृतीय वर्ष |
| विरेन्द्र कुमार | कला स्नातक तृतीय वर्ष |
| सुषमा नेगी | कला स्नातक द्वितीय वर्ष |
| छाया देवी | कला स्नातक द्वितीय वर्ष |
| यमुना देवी | कला स्नातक द्वितीय वर्ष |
| यासिर ठाकुर | कला स्नातक द्वितीय वर्ष |
| तविन्द्र ठाकुर | कला स्नातक द्वितीय वर्ष |

इन सभी स्वयं-सेवियों ने संस्थान के प्रशिक्षकों श्री अभिनव ठाकुर, श्री थोकचोम रेगेन चन्द्र सिंह तथा श्री दीपक कुमार के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और कार्यक्रम समाप्ति पर प्रमाण-पत्र प्राप्त किये।

# 19. Personality Development Programme at College Campus: 15th October, 2022


Page No. 36 YOUVA

Date:

## महाविद्यालय परिसर में व्यक्तित्व विकास से सम्बंधित गतिविधियों का आयोजन :

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सभी स्वयं- सेवियों के व्यक्तित्व विकास को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिये इकाई द्वारा राजीव गाँधी युवा विकास संस्थान चण्डीगढ़ से सीख कर आये 16 स्वंय- सेवियों को 15 अक्टूबर, 2022 से प्रत्येक दिन कक्षाओं के उपरान्त दो-दो स्वंय-सेवी प्रति दिवस इकाई को प्रशिक्षित करने का दायित्व सौंपा गया। सभी ने विभिन्न खेलों, गतिविधियों तथा क्रिया-कलापों द्वारा इकाई के समस्त स्वंय- सेवियों को व्यक्तित्व विकास के गुर सिखाये। इन क्रिया-कलापों के माध्यम से जहाँ 16 स्वंय- सेवियों को अपनी क्षमता प्रदर्शन का मंच मिला वहीं अन्य सभी स्वंय- सेवियों को नई-नई बातें सीखने का अवसर मिला। इन गतिविधियों के माध्यम से व्यक्तित्व विकास के अहम पहलुओं जैसे- धैर्य, लगन, परिश्रम, समय प्रबन्धन, कार्यकुशलता, प्रतिबद्धता इत्यादि के महत्व को स्वंय- सेवियों ने सहज भाव से जाना। इस प्रकार इन क्रिया-कलापों द्वारा समस्त इकाई के सर्वांगीण विकास का प्रयास व्यावहारिक तौर पर किया गया।

## 20. State Level Pre-RD Selection Camp at JLNGC Haripur (Manali): 15th & 16th October, 2022




Page No.: 38

YOUVA

गणतन्त्र दिवस पूर्व-शिविर हेतु राज्य स्तरीय चयन शिविर :

राष्ट्रीय सेवा योजना प्रदेश कार्यालय द्वारा गणतन्त्र दिवस पूर्व-शिविर के लिये राज्य स्तरीय चयन शिविर का आयोजन जवाहर लाल नेहरु राजकीय महाविद्यालय हरिपुर (मनाली) में दिनाँक 15 व 16 अक्तूबर, 2022 को किया गया। इसमें राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बन्जार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से दो स्वंय-सेवियों ओमरिता सेठी, विज्ञान स्नातक तृतीय वर्ष तथा धीरज ठाकुर, कला स्नातक द्वितीय वर्ष ने भाग लिया और विभिन्न विधाओं में अपनी-अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। इस चयन शिविर में स्वंय-सेवियों द्वारा प्रदर्शित विधाओं के आधार पर पूरे प्रदेश में से 20 स्वंय-सेवियों का चयन गणतन्त्र दिवस पूर्व-शिविर के लिये किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बन्जार से ओमरिता सेठी का आठवें स्थान पर चयन हुआ। इस प्रकार ओमरिता सेठी प्रदेश से बाहर गणतंत्र दिवस के लिये आयोजित होने वाले पूर्व-शिविर के लिये चयनित होने वाली इकाई की एकमात्र स्वंय-सेवी बनीं।

## 21. Programme on Vigilance Awareness Week: 14th November, 2022



Page No. 40 YOUVA
Date:

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत कार्यक्रम :

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में सतर्कता जागरूकता सप्ताह (31 अक्तूबर से 06 नवंबर 2022) के उपलक्ष्य पर दिनाँक 14 नवम्बर, 2022 को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पंजाब नेशनल बैंक, शाखा बन्जार के वरिष्ठ प्रबन्धक श्री राजकुमार शर्मा मुख्य अतिथि रहे जबकि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जोगिन्द्र सिंह ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुये। इस कार्यक्रम में स्वयं-सेवियों को सम्बोधित करते हुये मुख्य-अतिथि ने सर्वप्रथम सामान्य बैंकिंग प्रणाली व गतिविधियों पर प्रकाश डाला और तदोपरान्त विभिन्न प्रकार की वित्तीय धोखाधड़ी, साइबर अपराध, झूठे प्रलोभनों तथा ठगी से सतर्क रहने बारे जागरूक भी किया। उन्होंने किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता या ठगी का पता लगने पर बैंक प्रबन्धन व पुलिस को सूचित करने का भी आह्वान् किया। इस प्रकार उन्होंने विस्तारपूर्वक सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उद्देश्यों से अवगत करवाया। इसके पश्चात धन्यवाद ज्ञापन तथा सामूहिक राष्ट्रगान गायन उपरान्त कार्यक्रम सम्पन्न हो गया।

## 22. Programme on Nasha Mukti Abhiyan: 15th November, 2022

Page No. 42 YOUVA
Date:

### नशामुक्ति अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम :

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बन्जार की महिला प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के साथ मिलकर दिनाँक 15 नवम्बर, 2022 को महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में नशा मुक्ति अभियान के सन्दर्भ में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्राचार्य डॉ. जोगिन्द्र सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुये। महिला प्रकोष्ठ प्रमुख डॉ. रेणुका थपलियाल ने मुख्य अतिथि तथा समस्त शिक्षकों व विद्यार्थियों का औपचारिक स्वागत किया। इसके पश्चात् नशा मुक्ति अभियान तथा नशे के दुष्प्रभावों पर केन्द्रित भाषण प्रतियोगिता में स्वंय-सेवियों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियाँ दी गईं। इसके अलावा निबन्ध व नारा लेखन तथा पोस्टर व चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से भी नशे के दुष्प्रभावों को उजागर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा अपने जीवन का उदाहरण देते हुये विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर खेलों में भाग लेने तथा संतुलित आहार लेने की सलाह दी गई। युवाओं में नशे के बढ़ते प्रचलन पर उन्होनें चिन्ता व्यक्त करते हुये स्वंय-सेवियों को समाज में नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी बनाने में अपना योगदान देने की बात भी कही। अन्त में आभार ज्ञापन और सामूहिक राष्ट्रगान के पश्चात कार्यक्रम सम्पन्न हो गया।

## 23. One Day Campus Beautification Drive & Shramdaan for Society: 19th November, 2022

Page No. 44 YOUVA
Date:

एक दिवसीय परिसर सौंदर्यीकरण तथा सामाजिक श्रमदान पर आधारित शिविर :

राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय इकाई द्वारा दिनांक 19 नवम्बर, 2022 को एक दिवसीय परिसर सौंदर्यीकरण तथा सामाजिक श्रमदान आधारित शिविर आयोजित किया गया। इसमें स्वयं-सेवियों द्वारा महाविद्यालय परिसर व साथ लगते स्थानीय क्षेत्र में श्रमदान किया गया। इसके लिये सम्पूर्ण इकाई को तीन दलों में विभाजित कर दायित्व सौंपे गये। प्रथम दल को महाविद्यालय परिसर के पीछे की ओर ढलान से झाड़ियाँ काटने का कार्य दिया गया। दूसरे दल को महाविद्यालय के मुख्य द्वार के समीप गिरे मलबे को हटाकर परिसर मार्ग के गड्ढे भरने व साथ लगती सड़क पर फैंके गये मलबे के ढेर को साफ करने का कार्य सौंपा गया। तीसरे दल को भूमार क्षेत्र से बन्जार कस्बे की ओर जाने वाले पैदल पुल के समीप बरसात में भूस्खलन से मलबे में दबे मार्ग को पुनः खोलकर चलने योग्य बनाने का दायित्व सौंपा गया। तीनों ही दलों के स्वयंसेवियों ने सामुहिक श्रमदान में श्रेष्ठ शारीरिक परिश्रम का प्रदर्शन कर दिये गये कामों को पूर्ण किया। अन्त में औजारों को साफ करके स्टोर रूम में जमाकर जलपान उपरान्त सामुहिक राष्ट्रीय सेवा योजना गीत गाकर यह एक दिवसीय शिविर सम्पन्न हो गया।

# 24. Social Surveys on various Social issues by NSS Volunteers:

## 21st November, 2022


Page No. 46

YOUVA

### सामाजिक सर्वेक्षण हेतु उप-दलों का गठन व विभिन्न विषयों पर कार्य आवन्टन :

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वयं-सेवियों को सामाजिक सम्भाव व सहज समन्वय का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिये एक विशेष पहल दिनांक 21 नवम्बर, 2022 को प्रारम्भ की गई। इसके तहत पूरी इकाई को 13 उप-दलों में विभाजित कर प्रत्येक दल का एक प्रमुख नियुक्त किया गया। इन उप-दलों को 13 विभिन्न सामाजिक विषयों पर सामाजिक सर्वेक्षण का कार्य सौंपा गया। इन्हें तीन स्तरीय कार्य सौंपा गया जिसमें प्रथम स्तर पर समाज के बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं या अन्य वर्ग में से 5 वीडियो 2-3 मिनट की साक्षात्कार की रिकार्ड करना, द्वितीय स्तर पर 10 लोगों के लिखित साक्षात्कार लेना तथा तीसरे स्तर पर पूरी प्रक्रिया का प्रतिवेदन तैयार करना। प्रत्येक उपदल को अलग-अलग विषय दिया गया जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता (कचरा), संस्कृति, पर्यटन, स्थानीय उद्योग, बेसहारा पशु, जल स्रोत, युवा शक्ति, धार्मिक स्थल, परम्परागत कृषि, पर्यावरण, सामाजिक कुरीतियां जैसे- नशा इत्यादि विषयों पर समाज में लोगों से मिलकर बेहतर सम्वाद कायम कर उनके विचारों को कलमबद्ध करने की महत्त्वकांक्षी पहल की गई। इस संदर्भ में कई उप-दलों ने उल्लेखनीय कार्य किये जबकि सम्पूर्ण कार्य निष्पादन अभी भी भविष्य के प्रयासों पर निर्भर करता है।

# 25. Programme on National Constitution Day: 26th November, 2022



Page No.: 48 YOUVA
Date:

राष्ट्रीय संविधान दिवस समारोह का आयोजन :

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनाँक 26 नवम्बर, 2022 को महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में राष्ट्रीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. जोगिन्द्र सिंह ठाकुर मुख्य-अतिथि रहे। कार्यक्रम सम्पूर्ण रुप से भारतीय संविधान, विधि द्वारा स्थापित भारतीय गणतन्त्र तथा डॉ. भीम राव अम्बेडकर के आदर्शों पर केन्द्रित रहा। सभी स्वंय-सेवियों ने भाषण, चित्रकला, नारा व निबन्ध लेखन आदि विधाओं से संविधान दिवस के महत्व को उजागर किया। इस मौके पर मुख्य-अतिथि द्वारा संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर को श्रद्धापूर्वक याद करते हुये उन्हें नमन किया गया और भारतीय संविधान के निर्माण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण घटनाक्रमों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर भी विस्तारसहित बात कही। उन्होंने सभी से भारतीय संविधान का सजगता सहित अनुपालना सुनिश्चित करने में योगदान देने का भी आहवान् किया। अन्त में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इसके बाद सामुहिक रुप से राष्ट्रगान गायन किया गया। तदोपरान्त विधिवत रुप से कार्यक्रम समाप्त हो गया।

# 26. Purchasing New Equipments for NSS Unit:
## 27th November, 2022

Page No.: 50 Date: YOUVA

**राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के लिये नवीन औज़ारों व सामान की खरीद :**

राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय इकाई के पास बेकार व काम के अयोग्य औज़ारों के अधिक होने तथा नये औज़ारों की कमी के दृष्टिगत इकाई द्वारा प्राचार्य के समक्ष नये सामान की खरीद बारे लिखित निवेदन किया गया जिस पर प्राचार्य द्वारा दिनाँक 27 नवम्बर को सहमति मिलने के बाद इकाई के लिये नवीन औजार व सामान खरीदे गये जिनका विवरण इस प्रकार से है-

| | | | |
|---|---|---|---|
| कुदाली | = 10 | थालियाँ (स्टील) | = 60 |
| किल्ली | = 10 | गिलास (स्टील) | = 60 |
| फरवाँ | = 10 | बाल्टी (स्टील) | = 03 |
| दराट | = 10 | केतली (सिल्वर) | = 02 |
| दराटी | = 10 | जग (स्टील) | = 02 |
| गैंती | = 05 | परात (स्टील) | = 02 |
| बेलचा | = 05 | | |
| कुल्हाड़ी | = 01 | | |
| आरी | = 01 | | |

इस सम्पूर्ण खरीद की कुल राशि ₹ 43,410 (तैंतालिस हज़ार, चार सौ दस रुपये मात्र) मैसर्ज़ ईशर बर्तन भण्डार, बन्जार को महाविद्यालय के अभिभावक-अध्यापक संघ फण्ड से जारी किया गया और नवनिर्मित स्टोर कक्ष में इन सामानों पर NSS अंकित कर जमा किया गया।

# 27. North Zone Pre-Republic Day Camp at Phagwara (Punjab): 26th November to 05th December, 2022

Page No.: 52
Date:
YOUVA

## गणतन्त्र दिवस पूर्व-शिविर में इकाई का प्रतिनिधित्व:

आगामी 26 जनवरी, 2023 को नई दिल्ली स्थित राजपथ (अब कर्तव्य पथ) पर आयोजित होने वाली गणतन्त्र दिवस परेड के लिये गणतन्त्र दिवस पूर्व-शिविर में स्वंय-सेवियों का अंतिम चयन इस वर्ष पंजाब के फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय में दिनाँक 26 नवम्बर से 05 दिसम्बर, 2022 तक आयोजित शिविर में किया गया। हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय सेवा योजना दल ने भी इस उत्तर क्षेत्रीय गणतन्त्र दिवस पूर्व-शिविर में राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चण्डीगढ़, जम्मू, कश्मीर व लेह के स्वंय-सेवी दलों के साथ भाग लिया। हिमाचल प्रदेश के दल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बन्जार की एकमात्र स्वंय-सेवी तृतीय वर्ष विज्ञान की छात्रा ओमरिता सेठी ने इकाई का प्रतिनिधित्व किया। यद्यपि ओमरिता सेठी गणतन्त्र दिवस के लिये चयनित नहीं हो सकी परन्तु दस दिवसीय इस शिविर तक का उसका सफर सम्पूर्ण महाविद्यालय इकाई के लिये अत्यन्त गरिमामयी रहा। ओमरिता सेठी विभिन्न विधाओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाली स्वंय-सेवियों में शुमार रही। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बन्जार को अपनी इस बेटी पर नाज़ है।

## 28. World AIDS Day Celebrations: 01st December, 2022

Page No.: 54

Date:

YOUVA

### विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम का आयोजन :

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनाँक 01 दिसम्बर, 2022 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक जागरूकता रैली निकाली गई और स्थानीय लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया गया। इसके बाद महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के रेड रिब्बन क्लब की भी भागीदारी रही। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जोगिन्द्र सिंह ठाकुर मुख्य-अतिथि रहे। कार्यक्रम में स्वंय-सेवियों द्वारा भाषण, नारा व निबन्ध लेखन, चित्रकला व पोस्टर बनाकर एड्स दिवस सम्बद्ध प्रस्तुतियाँ दी गईं। मुख्य-अतिथि द्वारा अपने सम्बोधन में एड्स की भयावह तरीके से बढ़ने पर चिन्ता व्यक्त की गई। उन्होंने स्वंय-सेवियों से शर्म व झिझक छोड़कर एड्स से जुड़ी जानकारियों को स्वंय अमल में लाकर समाज को जागरूक करने में योगदान देने की अपील की। मुख्य-अतिथि ने सभी से आह्वान किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में एड्स जागरूकता अभियान का संचालन करें ताकि हम सभी अपने प्रदेश व देश को एड्स के चंगुल से छुड़ा सकें। अन्त में आभार ज्ञापन के बाद सभी ने मिलकर सामूहिक राष्ट्रगान गाया और इस प्रकार कार्यक्रम का समापन हुआ।

## 29. Programme on International Volunteers Day: 05th December, 2022

Page No.: 56 YOUVA
Date:

### अन्तर्राष्ट्रीय स्वंय-सेवी दिवस पर कार्यक्रम आयोजन :

राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय इकाई द्वारा दिनांक 05 दिसम्बर, 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय स्वंय-सेवी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय सम्मेलन कक्ष में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जोगिन्द्र सिंह ठाकुर मुख्य-अतिथि रहे। इस मौके पर स्वंय-सेवियों द्वारा पहले भाषण प्रतियोगिता तथा उसके बाद प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इनके माध्यम से स्वंय-सेवियों ने अन्तर्राष्ट्रीय स्वंय-सेवी दिवस तथा निस्वार्थ मानव सेवा के महत्त्व को उजागर किया। इसके बाद प्राचार्य द्वारा मुख्य-अतिथि के रूप में अपने सम्बोधन में स्वंय-सेवियों को सबसे पहले शुभकामनायें दी गईं। उन्होंने अपने सम्बोधन में स्वंय-सेवियों को शिक्षण संस्थानों तथा समाज के बीच की अहम कड़ी बताया। उन्होंने सभी से अनुशासन में रहकर एक सम्पूर्ण स्वंय-सेवी के गुण धारण करने का आहवान् किया। स्वंय-सेवी होना स्वंय के लिये सौभाग्य का विषय होना उन्होंने सभी को समझाया और झूठ, चापलूसी तथा नकारात्मकता से दूर रहने की सलाह सभी को दी। उन्होंने इकाई के स्वंय-सेवियों को महाविद्यालय की सभी गतिविधियों में अग्रणी रहने के लिये शाबासी भी दी। इसके पश्चात् धन्यवाद ज्ञापन और सामूहिक राष्ट्रगान गायन उपरान्त कार्यक्रम विधिवत रूप से सम्पन्न हो गया।

# 30. Programme on World Human Rights Day: 10th December, 2022


Page No.: 58 YOUVA
Date:

**विश्व मानवाधिकार दिवस पर विशेष व्याख्यान का राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजन :**

विश्व मानवाधिकार दिवस 10 दिसम्बर, 2022 के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जोगिन्द्र सिंह ठाकुर मुख्य-अतिथि के रूप में शामिल हुये जबकि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. दीप कुमार, सहायक आचार्य राजनीति शास्त्र, राजकीय महाविद्यालय थाची, जिला- मण्डी रहे। इस अवसर पर प्रो. दीप कुमार द्वारा मानवाधिकार का परिचय, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थाओं तथा विश्व मानवाधिकार दिवस से सम्बद्ध महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ विस्तारपूर्वक सांझा की गई। उन्होंने मानवाधिकारों के हनन के बारे में संवैधानिक उपचारों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने स्वयं-सेवियों से इस विषय पर समाज में भी जागरूकता फैलाने का आह्वान् किया। उनके पश्चात् मुख्य-अतिथि द्वारा मानवाधिकारों पर विभिन्न उदाहरणों द्वारा प्रकाश डाला गया। उन्होंने इसे मानवीय विकास क्रम का आधार बतलाया और सभी से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान् किया। इसके बाद आभार ज्ञापन उपरान्त सामूहिक राष्ट्रगान का गायन किया गया। तदोपरान्त विधिवत कार्यक्रम समाप्त हो गया।

## 31. One Day Campus Beautification & Cleanliness Drive:

## 17th December, 2022



Page No.: 62 YOUVA

Date:

महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय सौंदर्यीकरण व स्वच्छता आधारित शिविर का आयोजन :

राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के लिये नियमित क्रम के अपने प्रयासों के अन्तर्गत दिनांक 17 दिसम्बर, 2022 को एक दिवसीय शिविर लगाया गया जिसमें इकाई के सभी स्वयं-सेवियों ने भाग लिया। अलग-अलग दलों में विभाजित स्वयं-सेवियों में से कुछ ने पूरे महाविद्यालय परिसर, कक्षाओं और प्रयोगशालाओं में झाड़ू लगाया तथा कूड़ेदानों को खाली किया। कुछ ने आस-पास की झाड़ियों व अवांछित घास को साफ किया। कुछ स्वयं-सेवियों ने फूलों की क्यारियों तथा परिसर के पीछे की नालियाँ साफ कीं। कुछ स्वयं-सेवियों द्वारा मुख्य द्वार से लेकर परिसर तक के मार्ग को झाड़ू लगाकर साफ किया गया और पत्थरों को हटाया गया। इस प्रकार सभी स्वयं-सेवियों ने क्षमतानुसार इस एक दिवसीय शिविर में अपना-अपना योगदान सुनिश्चित किया। अन्त में सारे सामान को साफ कर गणनाक्रमानुसार स्टोर में रखा गया और इसके बाद सभी स्वयं-सेवियों को जलपान करवाया गया। तदोपरान्त सभी ने मिलकर राष्ट्रीय सेवा योजना गीत गाकर इस एक दिवसीय शिविर का विधिवत समापन किया।

## 32. Programme on Fire Safety Awareness:
## 22nd December, 2022

Page No.: 60

Date:

YOUVA

### अग्नि सुरक्षा जागरूकता बारे विशेष कार्यक्रम का आयोजन :

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनाँक 22 दिसम्बर, 2022 को महाविद्यालय परिसर में अग्नि सुरक्षा जागरूकता बारे विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके लिये इकाई द्वारा विशेष रूप से अग्निशमन विभाग बन्जार को आमंत्रित किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में अग्निशमन अधिकारी बन्जार श्री लेख राम अपने अग्निशामक दल व फायर टेंडर (अग्निशमन वाहन) सहित महाविद्यालय परिसर पहुँचे। इस अवसर पर महाविद्यालय के कला मंच पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अग्निशमन दल का औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद अग्निशमन अधिकारी श्री लेख राम व उनके दल के सदस्यों ने अग्नि के प्रकार तथा आगज़नी से रोकथाम बारे महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ दीं जिसमें उन्होंने बताया कि आग लगने व फैलने के तीन मूल कारण वायु, ताप और ईंधन हैं। उन्होंने गैस सिलेंडर के रेगुलेटर में आग लगाकर सजीव उदाहरण द्वारा आगज़नी रोकने का नमूना दर्शाया और स्वंय-सेवियों से भी अभ्यास करवाया। उन्होंने अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग तथा आगज़नी के दौरान लोगों का जीवन बचाने बारे जीवनरक्षा उपायों की भी जानकारी दी। इसके बाद अग्निशमन वाहन के मोटर तथा कार्यविधि को भी समझाया तथा स्वंय-सेवियों से अग्निशमन वाहन से आग बुझाने का अभ्यास भी करवाया। अन्त में अग्निशमन विभाग के सभी सदस्यों का आभार ज्ञापित किया गया और सभी ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना गीत गाकर कार्यक्रम का समापन किया।

# (B.) REPORT OF SPECIAL ACTIVITY/CAMP:

## 33. NSS 7 Days Special Residential Camp at College Campus: 24th to 30th December, 2022

Page No.: 65

YOUVA

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय की परिसर बन्जार में विशेष आवासीय शिविर का आयोजन (24 से 30 दिसम्बर, 2022)

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बन्जार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सत्र 2022-23 के अन्तर्गत 24 से 30 दिसम्बर, 2022 तक प्राचार्य डॉ. जोगिन्द्र सिंह ठाकुर के निर्देशानुसार सात दिनों का विशेष आवासीय शिविर आयोजित किया गया जिसमें 18 छात्र व 38 छात्रा स्वंय-सेवियों सहित कुल 56 स्वंय-सेवियों ने भाग लिया। इस आवासीय शिविर में छात्राओं की सहभागिता 67 प्रतिशत से अधिक रही जबकि छात्रों में से 32 प्रतिशत ही शिविर में सम्मिलित हुये। इस आवासीय शिविर का मुख्य ध्येय- शांति, सद्भाव व करुणा सहित आगे बढ़ना तय किया गया। सात दिनों के इस शिविर का प्रमुख लक्ष्य- परिसर को स्वच्छ व सुंदर बनाना, अंगीकृत गाँव- बला में सामाजिक जागरूकता फैलाना, स्वंय-सेवियों का सर्वांगीण सशक्तिकरण, सहभागिता के अधिकाधिक अवसर जुटाना तथा सृजनात्मकता को प्रोत्साहन देना तय किये गये। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये जिस समय सारणी का अनुमोदन किया गया उसमें प्रातः 04 बजे से सायं 09:30 बजे तक की गतिविधियों को समाहित किया गया था। सभी स्वंय-सेवियों को सात दलों में विभाजित कर सातों दिनों के लिये पर्ची आधार पर हर टीम को दायित्व सौंपे गये थे। इस प्रकार पहले दिन दल संख्या-6, दूसरे दिन-7, तीसरे दिन-3, चौथे दिन-2, पाँचवे दिन-4, छठे दिन-5 व अंतिम दिन दल संख्या-1 को प्रबन्धन का दायित्व रैंडम सैम्पलिंग आधार पर सौंपा गया। इस प्रकार एक व्यवस्थित व योजनाबद्ध तरीके से इस आवासीय शिविर की शुरुआत हुई।

## 34. NSS 7 Days Special Residential Camp (1st Day):
## 24th December, 2022

Page No.: 66 Date: YOUVA

### विशेष आवासीय शिविर का प्रथम दिवस

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित विशेष आवासीय शिविर का शुभारम्भ दिनांक 24 दिसम्बर, 2022 को प्रातः 8 बजे स्थानीय बला गाँव में स्थित माता त्रिपुरा सुंदरी व महर्षि मार्कण्डेय मंदिरों में पूजा-अर्चना तथा नारियल व हलवे का भोग चढ़ाकर किया गया। शिविर का प्रथम दिन होने के चलते सभी ने महाविद्यालय परिसर आकर औपचारिक शुभारम्भ की तैयारियों को अंतिम रूप दिया तथा मुख्यअतिथि डॉ. जोगिन्द्र सिंह ठाकुर, महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्जवलन करवाकर सम्मेलन कक्ष में सात दिवसीय आवासीय शिविर की औपचारिक शुरुआत की। उन्हें इकाई की ओर से स्मृति चिन्ह, राष्ट्रीय सेवा योजना टोपी, स्कार्फ तथा संस्थान के स्वयं-सेवियों की ओर से तैयार पेंटिंग सम्मान स्वरूप प्रदान की गई। इस अवसर पर सभी शिक्षक तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा अपने सम्बोधन में अनुशासन के महत्त्व तथा बुरी आदतों से बचने पर बल दिया गया। इसके बाद सभी ने मिलकर दोपहर भोजन किया। इसके पश्चात परिसर से बन्जार कस्बे तक एक टीम प्रबन्धन गतिविधि करवायी गई। शाम को सांस्कृतिक सत्र में संस्कृत विभाग की सहायक आचार्या डॉ. हेमलता विशिष्ट अतिथि रहीं और स्वयं-सेवियों की व्यक्तिगत प्रस्तुतियों को उन्होंने प्रोत्साहित किया। इसके बाद रात्रि भोजन उपरान्त सभी ने स्वयं को जानो क्रिया के तहत सामूहिक साधना में भाग लिया और 9:30 बजे सभी अपने-अपने शयन कक्ष में लौट गये। इस प्रकार प्रथम दिवस की गतिविधियाँ सम्पन्न हुईं।


## 35. NSS 7 Days Special Residential Camp (2nd Day): 25th December, 2022

Page No: 68 Date: YOUVA

### विशेष आवासीय शिविर का दूसरा दिवस

सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर के दूसरे दिन यानि 25 दिसम्बर, 2022 को प्रातः 4 बजे स्वयं-सेवियों को जगाया गया और 4:30 बजे सभी स्वयं को जानो गतिविधि के तहत सामूहिक साधना में शामिल हुये। इसके बाद 6:30 बजे सभी जोगिंग और व्यायाम सत्र में सम्मिलित हुये। प्रातः नाश्ता करके सभी परिसर के पीछे के भाग में झाड़ियाँ काटने, क्यारियाँ बनाने के कार्य में जुट गये जो कि दोपहर भोजन के बाद भी जारी रहा। शाम को अकादमिक सत्र के मुख्य अतिथि संगीत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. विकास कुमार रहे। उन्होंने संगीत ही जीवन है और जीवन ही संगीत है इस विषय पर विचार रखे। उन्हें इकाई द्वारा प्रदत्त सम्मान से नवाज़ा गया। इसके बाद सांस्कृतिक सत्र में सभी कला मंच पर एकत्र हुये और सामूहिक नाटी में शामिल हुये। तदोपरान्त रात्रि भोजन के बाद सम्पूर्ण दिवस के क्रिया-कलापों की समीक्षा प्रतिवेदन के प्रस्तुतिकरण से की गई जिसे इकाई सचिव कमला देवी ने निष्पादित किया। इसके बाद सभी सामूहिक साधना में शामिल हुये और 9:30 बजे सभी अपने शयन कक्षों में लौट गये। इस प्रकार दूसरे दिवस की गतिविधियाँ सम्पन्न हुईं।

## 36. NSS 7 Days Special Residential Camp (3rd Day): 26th December, 2022



Page No.: 70

Date:

विशेष आवासीय शिविर का तीसरा दिवस

विशेष आवासीय शिविर का तीसरा दिन यानि 26 दिसम्बर, 2022 प्रातःकालीन ध्यान तथा योगाभ्यास से शुरु हुआ। इसके बाद परिसर से मेला मैदान बजार तक प्रभात फेरी निकाली गई जो वापिस परिसर में आकर समाप्त हुई। नाश्ता उपरान्त सभी सम्मेलन कक्ष में एकत्र हुये। आज के अकादमिक सत्र के मुख्य अतिथि श्री दीना नाथ, पर्वतारोहण पर्यवेक्षक, अटल बिहारी वाजपेई पर्वतारोहण एवं सम्बंधित खेल संस्थान मनाली रहे। इनके साथ अनुदेशक श्री देवकी नन्दन भी रहे। सर्वप्रथम इकाई की ओर से इन्हे सम्मानित किया गया। इसके बाद दीना नाथ द्वारा संस्थान व इसकी गतिविधियो के बारे में बतलाया गया। इसके बाद महाविद्यालय के कला मंच पर पर्वतारोहण से सम्बंधित सामानों की प्रदर्शनी लगाकर उनके प्रयोगों के बारे में बतलाया गया। इसके बाद आपदाकाल में जीवनरक्षा से सम्बंधित उपाय बतलाये गये और अन्त में टीम प्रबन्धन से जुड़ी गतिविधियाँ करवायी गईं। दोपहर भोजन के बाद कुछ समय विश्राम उपरान्त परेड का अभ्यास किया गया। शाम को सांस्कृतिक सत्र के साथ अगले दिन के लिये भी तैयारी की गई। रात्रि भोजन के बाद दिवस गतिविधियो की समीक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत कर की गई। इसके बाद सामूहिक साधना उपरान्त 9:30 बजे सभी शयन कक्षों में लौट गये। इस प्रकार शिविर का तीसरा दिन सम्पन्न हुआ

# 37. NSS 7 Days Special Residential Camp (4th Day): 27th December, 2022

Page No. 72 YOUVA

Date

विशेष आवासीय शिविर का चौथा दिवस

सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर के चौथे दिन दिनाँक २७ दिसम्बर, २०२२ को सभी ने प्रातःकालीन सत्र में भाग लिया। नाश्ता उपरान्त सभी ने परिसर सौंदर्यीकरण सम्बंधी कार्यों में भाग लिया। तदोपरान्त आज के अकादमिक सत्र की शुरुआत सम्मेलन कक्ष में हुई। इसमें आज के मुख्य अतिथि श्री पीताम्बर अग्रवाल, उप महा प्रबन्धक, भारतीय रिज़र्व बैंक क्षेत्रीय कार्यालय शिमला रहे। विशिष्ट अतिथियों में उनके साथ आये सहायक महा प्रबन्धक श्री अमरेन्द्र गुप्ता तथा सहायक प्रबन्धक श्री नमन शर्मा भी कार्यक्रम में शामिल हुये। इकाई द्वारा सभी को सम्मानित किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों द्वारा वित्तीय जागरूकता, व्यावहारिकता, मौद्रिक प्रणाली, वित्तीय धोखाधड़ी इत्यादि विषयों पर महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं और सभी को वित्तीय जागरूकता से सम्बद्ध पुस्तिकायें तथा चॉकलेट्स वितरित की गईं। आज के द्वितीय सत्र में भी हमारे मेहमानों ने कई महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। इस सत्र के मुख्य अतिथि वन परिक्षेत्राधिकारी तीर्थन श्री परमानन्द जी रहे जबकि विशिष्ट अतिथियों में पर्यटन सम्बर्धक श्री गोविन्द, वन रक्षक श्री ओम प्रकाश, श्री पुष्पेन्द्र ठाकुर तथा श्री नीरज भी सम्मिलित रहे। इकाई द्वारा परम्परानुसार सभी को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री परमानन्द द्वारा ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क से सम्बंधित जानकारी दी गई। श्री गोविन्द द्वारा पर्यटन विकास में ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क को एक महत्त्वपूर्ण स्तम्भ बतलाया गया। उन्होंने विस्तार सहित इस पर चर्चा की। श्री ओम प्रकाश द्वारा वन सम्पदा और वन्य जीवों पर प्रस्तुति दी गई। श्री पुष्पेन्द्र द्वारा वनों में लगने वाली आग व इसकी परिणीति पर जानकारियाँ दी गईं। इस प्रकार आज के द्वितीय सत्र में भी बहुत महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ स्वयं-सेवियों को प्राप्त हुईं। दोपहर भोजन के पश्चात आज का तीसरा सत्र भी सुगमतापूर्वक आरम्भ

Page No. 73
YOUVA
Date:

हुआ जिसके मुख्य अतिथि सत्र न्यायाधीश प्रथम श्रेणी बन्जार न्यायमूर्ति अनुज बहल रहे। सर्वप्रथम परिसर में स्वयंसेवियों को दो टीमों में विभाजित कर सामान्य जागरूकता से सम्बद्ध एक गतिविधि करवायी गई जिसमें प्राचार्य की टीम ने न्यायमूर्ति की टीम को हराया। इसके बाद सम्मेलन कक्ष में इकाई द्वारा मुख्यअतिथि को सम्मानित किया गया। अपने सम्बोधन में उन्होंने सभी से व्यावहारिकतापूर्ण जीवन जीने की बात कही। उन्होंने सभी स्वयं-सेवियों से संवाद भी किया। सभी ने उनसे व्यक्तित्व विकास, जीवन के उद्देश्य तथा समाज में योगदान से जुड़े प्रश्न किये। इसके बाद महाविद्यालय कला मंच पर सामूहिक नाटी का आयोजन किया गया। रात्रि भोजन उपरान्त सायंकालीन सत्र की कार्यवाही पूर्ण कर सभी 9:30 बजे सोने के लिये अपने कक्षों में चले गये। इस प्रकार सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का चौथा दिवस पूर्ण हुआ।

# 38. NSS 7 Days Special Residential Camp (5th Day): 28th December, 2022

Page No.: 76 Date: YOUVA

## विशेष आवासीय शिविर का पाँचवा दिवस

विशेष आवासीय शिविर का पाँचवा दिन यानि 28 दिसम्बर, 2022 प्रातःकालीन सत्र की गतिविधियों के साथ आरम्भ हुआ। नाश्ता उपरान्त सभी ने परिसर में क्यारियाँ बनायी और आगामी सत्र की तैयारियाँ पूरी की। आज के अकादमिक सत्र के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध लेखक, कवि, अनुवादक, शिक्षाविद् तथा सेवानिवृत्त अधिष्ठाता भाषा, जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय, नई दिल्ली प्रो. वरयाम सिंह रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथियों में उनकी धर्मपत्नी तथा अकादमी सम्मान से सम्मानित लेखिका श्रीमती तारा नेगी तथा महाविद्यालय के अंग्रेज़ी विभाग के सहायक आचार्य प्रो. ईशान मार्वल व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सान्या, ग्राम पंचायत बलागाड़ की प्रधान श्रीमती चन्द्रा देवी तथा पंचायत सदस्यगण सम्मिलित रहे। सर्वप्रथम इकाई द्वारा सभी को सम्मानित किया गया। अपने भाषण में श्रीमती तारा नेगी द्वारा पहले स्वरचित दो लघु कथाओं का पाठ किया गया और फिर युवाओं को लेखन की बारिकियों से अवगत करवाया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अपना सम्बोधन हमारी पहचान से जुड़ी स्वंय द्वारा लिखित सराजी लोकभाषा की कविता से प्रारम्भ किया गया और लोक में प्रचलित रूढ़ियों पर कटाक्ष करते हुये युवाओं से इस पर चिन्तन का आह्वान् किया। उन्होंने सर्वप्रथम सभी से इनसानियत का पालन करते हुये इन्सान बनने की बात की और राष्ट्र सेवा को सबसे बड़ा धर्म बनाने की बात कही। इसके बाद सभी ने मिलकर दोपहर भोजन किया और कुछ विश्राम उपरान्त सामूहिक प्रबन्धन से जुड़ी गतिविधियों में भाग लिया। दिन के दूसरे सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. दुनी चन्द, सहायक आचार्य, राजनीति शास्त्र रहे, उन्होंने मानसिक तनाव और समाधान विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने युवाओं को तनाव से दूर रहने बारे कई महत्त्वपूर्ण बातें बतायी और इन्हें जीवन में अपनाने पर बल दिया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना

Page No. 77

इकाई के प्रयासों को भी सराहा। इसके पश्चात् सभी स्वंय-सेवियों को टीम गतिविधियों के लिये टीमवार आपस में रस्सियों से जोड़कर बन्जार कस्बे तक गतिविधि में शामिल किया गया। शाम को सम्मेलन कक्ष में एक बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया जिसमें सभी स्वंय-सेवियों ने भाग लिया और स्वंय द्वारा चयनित पर्ची में लिखे शब्द पर आगे आकर प्रस्तुतियाँ दी गईं। इसके बाद सांस्कृतिक सत्र और फिर रात्रि भोजन किया गया। तदोपरान्त दिन भर के क्रिया-कलापों पर प्रतिवेदन के माध्यम से समीक्षा की गई। इसके बाद रात्रि सत्र को पूर्ण कर सभी अपने शयन कक्षों में लौट गये। इस प्रकार सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का पाँचवा दिवस समाप्त हुआ।

## 39. NSS 7 Days Special Residential Camp (6th Day): 29th December, 2022

Page No.: 80

Date:

YOUVA

### विशेष आवासीय शिविर का छठा दिवस

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित विशेष आवासीय शिविर के छठे दिन 29 दिसम्बर, 2022 को प्रतिदिन की तरह सभी प्रातःकालीन सत्र में सम्मिलित हुये। नाश्ते के बाद सभी स्वयंसेवी रैली के रूप में अंगीकृत गाँव-बला गये और मार्ग व गाँव में प्लास्टिक का कचरा एकत्र कर निर्धारित स्थलों पर इसका ढेर लगाया। परिसर लौटकर सभी अकादमिक सत्र के लिये तैयार हुये। आज के सत्र में श्री प्रवीण ठाकुर, वनमण्डलाधिकारी सिराज वन मण्डल, बन्जार मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुये। उनके साथ विशिष्ट अतिथियों में पंजाब नैशनल बैंक शाखा बन्जार के वरिष्ठ प्रबन्धक श्री राजकुमार शर्मा, वरिष्ठ मत्स्यपालन अधिकारी हामनी, बंजार श्री दुनी चन्द आर्य तथा उप-वन परिक्षेत्राधिकारी श्री रतन लाल भी कार्यक्रम में शामिल हुये। सर्वप्रथम सभी को इकाई द्वारा सम्मानित किया गया। अपने सम्बोधन में श्री राज कुमार शर्मा द्वारा परोपकार विषय पर बात की गई जबकि श्री दुनी चन्द आर्य द्वारा सेवा और समर्पण पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि द्वारा जीवन में लक्ष्य निर्धारण तथा समर्पित परिश्रम बारे महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने स्वयं-सेवियों से संवाद भी किया और उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिये। इसके बाद सभी ने दोपहर भोजन किया। दिन के दूसरे सत्र के मुख्य अतिथि अंग्रेज़ी विभाग के सहायक आचार्य प्रो. ईशान मार्बल रहे। उन्होंने व्यक्तिगत क्षमतानुसार अपनी पहचान बनाने बारे महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी। इसके बाद रात्रि भोजन उपरान्त अंतिम सत्र का निष्पादन कर सभी सोने चले गये और छठा दिवस सम्पन्न हुआ।

## 40. NSS 7 Days Special Residential Camp (7th Day): 30th December, 2022

Page No.: 82 YOUVA
Date:


### विशेष आवासीय शिविर का सातवाँ और अंतिम दिवस

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित विशेष आवासीय शिविर के समापन अवसर 30 दिसम्बर, 2022 पर मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जोगिन्द्र सिंह ठाकुर रहे। विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सलाहकार समीति सदस्य व मानवाधिकार कार्यकर्ता श्री भूपाल सिंह, अभिभावक-अध्यापक संघ अध्यक्ष श्री जय सिंह, स्थानीय पूर्व सैनिक श्री दुर्गा सिंह ठाकुर तथा स्थानीय देव प्रतिनिधिगण व स्वयं-सेवियों के माता-पिता सम्मिलित हुये। महाविद्यालय का शैक्षिक व गैर-शैक्षिक वर्ग भी कार्यक्रम में उपस्थित रहा। सर्वप्रथम माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष मुख्य अतिथि व अन्य मेहमानों ने दीप प्रज्जवलित किया और वन्दना की गई। इसके पश्चात् मुख्य अतिथि व सभी मेहमानों को सम्मान देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात् कार्यक्रम अधिकारी द्वारा इकाई की नियमित गतिविधियों तथा सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर की गतिविधियों पर आधारित दो PPT प्रदर्शित की गई। इसके पश्चात् उपप्राचार्या डॉ. रेणुका थपलियाल द्वारा इकाई को साधुवाद देते हुये इकाई को सम्पूर्ण महाविद्यालय के लिये मिसाल बताया गया। उन्होंने इस क्रम को बनाये रखने का आह्वान् भी किया। उपस्थित मेहमानों तथा अभिभावकों ने भी अपने-अपने विचार रखे। अन्त में मुख्य अतिथि द्वारा शिविर के सफलतम आयोजन पर इकाई को बधाई दी गई। उन्होंने सभी को परिश्रम के साथ ईमानदार बनने की बात कही। उन्होंने अपनी बात दोहरायी कि विद्यार्थियों को अपने छात्र जीवन में केवल माता सरस्वती की पूजा करनी चाहिये। उन्होनें अभिभावकों को भी समय-समय पर महाविद्यालय में आते रहने के लिये कहा। इसके पश्चात् सभी मेहमानों के साथ पूरे महाविद्यालय परिवार ने सामूहिक भोजन किया तथा उसके बाद सामूहिक छायाचित्र लिया गया।

Page No.: 83 YOUVA

शिविर में भाग ले रहे सभी स्वयं-सेवियों को प्राचार्य के हाथों एक-एक पैन भी प्रदान किया गया। इसके बाद पूरे परिसर में साफ-सफाई की गई। बर्तनों को साफ करके क्रम से ट्रंक मे रखा गया और स्थानीय मंदिर से लाये गये बर्तनों को वापिस मंदिर कमेटी को सौंपा गया। इस प्रकार सभी औपचारिकतायें तथा व्यवस्था सम्बन्धी कार्य सम्पादित कर शाम 6:00 बजे यह सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया।

# 41. National Integration Camp at Patiala (Punjab): 16th to 22nd February, 2023



Page No.: 86
Date:
YOUVA

राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में इकाई के स्वयं-सेवियों द्वारा महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय महाविद्यालय बन्जार के दो स्वयं सेवियों नरेश कुमार व हिमानी नेगी, कला स्नातक तृतीय वर्ष द्वारा इस वर्ष के राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में महाविद्यालय का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व किया गया। राष्ट्रीय स्तर के इस शिविर का आयोजन इस बार पटियाला (पंजाब) स्थित पंजाबी विश्वविद्यालय में 16 से 22 फरवरी, 2023 तक किया गया। सात दिवसीय राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में हिमाचल प्रदेश के दल में सम्मिलित अन्य महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वंय-सेवियों के साथ मिलकर इकाई के दोनों स्वंय-सेवियों ने भाषण, गायन तथा लोकनृत्य की विभिन्न विधाओं में भाग लिया। सम्पूर्ण शिविर अवधी में दोनों स्वंय-सेवियों की सहभागिता तथा आचरण के आधार पर उन्हें उत्कृष्ट स्वंय-सेवी वर्ग में आंका गया और शिविर प्रमाण-पत्र से नवाज़ा गया।

(Dr. Sarwan Kumar)
Programme Officer
National Service Scheme Unit
Govt. Utkrisht Mahavidyalaya Banjar (Kullu)

Principal
Government Degree College
Banjar Distt. Kullu (H.P.)

Principal
Govt. Utkrisht Mahavidyalaya Banjar
District – Kullu (H.P.) 175123